NYC Care के साथ, आप बीमार होने से पहले स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त कर सकते हैं

New York शहर में, हमारा मानना है कि स्वास्थ्य देखभाल एक मानवीय अधिकार है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ पैदा हुए थे या आपके पास कितना पैसा है, आपको हमारे शहर में बेहतरीन, सस्ती स्वास्थ्य देखभाल का अधिकार है। **आपको आवश्यक देखभाल प्राप्त करने के लिए अब आपातकालीन कक्ष के भरोसे रहने की आवश्यकता नहीं होगी।**

NYC Care के साथ, आपके पास अपना नियमित स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता होगा और आपके समुदाय में NYC Health + Hospitals रोगी देखभाल स्थान पर आपको आवश्यक चिकित्सा सेवाएँ मिलेंगी। इसके अलावा, आप प्राथमिक देखभाल, OB-GYN देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने में सक्षम होंगे और आपको आवश्यक दवाओं तक 24/7 पहुँच प्राप्त होगी।

NYC Care के साथ, आपके पास अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ अपने संबंधों के माध्यम से किसी भी स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की जल्द देखभाल करके स्वस्थ रहने की क्षमता होगी। सभी सेवाएँ कम या बिना किसी शुल्क के प्रदान की जाएँगी।

अधिक ज़ानने और नामांकन कराने के लिए, कॉल करें
1-646-NYC-CARE
1-646-692-2273

निजता और गोपनीयता की गारंटी दी जाती है। NYC Care में नामांकन करने पर 'पब्लिक चार्ज' नियम के तहत कोई जोखिम नहीं है।

NYC HEALTH+ HOSPITALS | NYC CARE

अधिक जानने और नामांकन कराने के लिए कॉल करें
1-646-NYC-CARE
1-646-692-2273

nyccare.nyc

संपर्क में रहें। हमें फॉलो करें।

शहरव्यापी • खण्ड 3 • 9/1/20
Hindi 03/22

शहर की स्वास्थ्य देखभाल के लिए आपकी कुंजी

आप्रवासन की स्थिति या भुगतान करने की क्षमता की परवाह किए बिना, गौरव और सम्मान के साथ स्वास्थ्य देखभाल के अपने अधिकार को अनलॉक करें

NYC Health + Hospitals स्थानों पर शहरव्यापी उपलब्ध!
आज ही NYC Care के सदस्य बनें!
1-646-NYC-CARE
1-646-692-2273
nyccare.nyc

निजता और गोपनीयता की गारंटी दी जाती है। NYC Care में नामांकन करने पर 'पब्लिक चार्ज' नियम के तहत कोई जोखिम नहीं है।

NYC HEALTH+ HOSPITALS | NYC CARE

NYC Care के बारे में

NYC Care एक स्वास्थ्य देखभाल एक्सेस कार्यक्रम है, जो स्वास्थ्य बीमा के लिए अपात्र या बीमा खरीदने में असमर्थ न्यूयॉर्क वासियों को बहुत कम लागत में या मुफ्त में सेवा की गारंटी देता है। अपनी आप्रवासन स्थिति या भुगतान करने की क्षमता की परवाह किए बिना, गरिमा और सम्मान के साथ सस्ती स्वास्थ्य देखभाल के अपने अधिकार को प्राप्त करें।

NYC Care के साथ, आप कर सकते हैं:

+ आपके समुदाय के NYC Health + Hospitals के रोगी देखभाल स्थलों में प्राथमिक, निवारक, और विशिष्ट सेवाएं प्राप्त करने के लिए सदस्यता कार्ड प्राप्त करें।
+ आपका प्राथमिक देखभाल प्रदाता आपको बीमार होने से बचाने में मदद करेगा और आपको स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक अन्य सेवाओं से जोड़ेगा।
+ दो सप्ताह या इससे कम की अवधि में अपने प्राथमिक देखभाल प्रदाता के साथ अपनी पहली अपॉइंटमेंट प्राप्त करें। अपॉइंटमेंट्स टेली-हेल्थ के माध्यम से या वैयक्तिक रूप से उपलब्ध हैं।
+ जब आपको सहायता की आवश्यकता हो, तो 24/7 उपलब्ध हमारे कॉल सेंटर से संपर्क करें।
+ कम लागत वाली निर्धारित दवा और रात भर जरूरत पड़ने पर रिफिल 24/7 प्राप्त करें।
+ प्राथमिक देखभाल टीम से सहायता प्राप्त करें, जिसमें नर्स, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर, चिकित्सा सहायक, सामाजिक कार्यकर्ता, फार्मासिस्ट, और पोषण विशेषज्ञ शामिल हैं।
+ बेहतरीन स्वास्थ्य देखभाल के लिए समर्थ होएँ। इसमें शामिल होने के लिए कोई शुल्क या मासिक शुल्क नहीं है। स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने का शुल्क आपके परिवार के आकार और आय पर आधारित है।

अधिक जानने और नामांकन कराने के लिए, कॉल करें
1-646-NYC-CARE
1-646-692-2273
निजता और गोपनीयता की गारंटी दी जाती है। NYC Care में नामांकन करने पर 'पब्लिक चार्ज' नियम के तहत कोई जोखिम नहीं है।

आपकी सदस्यता सेवाएँ

प्राथमिक और निवारक देखभाल

+ अपना स्वयं का प्राथमिक देखभाल प्रदाता चुनें जो नियमित शारीरिक स्थितियों का इलाज करेगा, जैसे एसिड अपच, गले में खराश और बुखार, और आपकी मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी चिरकालिक बीमारियों का प्रबंधन करने में मदद करेगा।
+ नियमित टीकाकरण और स्क्रीनिंग फ्लू शॉट, मैमोग्राम, और कोलोनोस्कोपी प्राप्त करें।

विशेष देखभाल

आपका प्राथमिक देखभाल प्रदाता विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करेगा और आपको उन सेवाओं को संदर्भित करने में मदद करेगा, जिनकी आपको आवश्यकता है:

+ हृदय चिकित्सा
+ गठिया संबंधी देखभाल
+ हड्डी रोग संबंधी चिकित्सा
+ पाद चिकित्सा
+ वजन घटाने संबंधी सेवाएँ
+ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
+ जनरल सर्जरी
+ कान, नाक और गला (□□□)
+ महिला स्वास्थ्य और प्रसव पूर्व देखभाल
+ दृष्टि संबंधी देखभाल

व्यवहार संबंधी स्वास्थ्य और मादक पदार्थों का उपयोग

+ अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का इलाज करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की एक श्रृंखला प्राप्त करें।
+ आपको सही मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सक या मनोचिकित्सक के पास संदर्भित किया जाएगा।
+ व्यसन और मादक पदार्थ-उपयोग संबंधी विकार के लिए उपचार और सहायता प्राप्त करें।

सस्ती दवाएँ

+ NYC Health + Hospitals की फार्मेसियों से सस्ती निर्धारित दवाएँ प्राप्त करें और कार्यदिवस और सप्ताहांत सहित फार्मेसी के विस्तारित घंटों के साथ पहुँच प्राप्त करें।
+ निर्धारित रिफिल ऑनलाइन ऑर्डर करें।

अधिक जानने और नामांकन कराने के लिए, कॉल करें
1-646-NYC-CARE
1-646-692-2273
निजता और गोपनीयता की गारंटी दी जाती है। NYC Care में नामांकन करने पर 'पब्लिक चार्ज' नियम के तहत कोई जोखिम नहीं है।

FAQs

NYC Care क्या है?

NYC Care, NYC Health + Hospitals द्वारा प्रदान किया गया एक सदस्यता-आधारित कार्यक्रम है, जो बहुत ही कम लागत या मुफ्त में आपके स्वयं के डॉक्टर और सेवाओं सहित विशेषज्ञों के साथ मुलाकात, दवाइयों और 24/7 ग्राहक सेवा तक पहुँच प्रदान करता है।

NYC Care के लिए मैं कैसे योग्य हूँ?

आप NYC में छह महीने या उससे अधिक समय तक रहे हों और New York राज्य में उपलब्ध सस्ती सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के लिए पात्र नहीं हैं। यदि आप संघीय मानकों के आधार पर स्वास्थ्य बीमा का खर्च उठाने में असमर्थ हैं तो भी आप योग्य हो सकते हैं। यह जानने के लिए कि क्या आप पात्र हैं, आज 1-646-NYC-CARE (1-646-692-2273) पर कॉल करें।

मुझे सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा?

आप जितने के समर्थ हैं उसके आधार पर भुगतान करेंगे। रियायती शुल्क आपके परिवार के आकार और आय द्वारा निर्धारित किया जाता है और $0 से शुरू होते हैं। इसमें शामिल होने के लिए मासिक शुल्क या प्रीमियम की कोई लागत नहीं है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारा शुल्क पैमाना तालिका (फीस स्केल टेबल) देखने हेतु **nyccare.nyc** पर जाएँ।

मुझे स्वास्थ्य सेवाएँ कहाँ मिल सकती हैं?

NYC Care के सदस्य के रूप में, आप अपने समुदाय में NYC Health + Hospitals रोगी देखभाल के स्थान पर सेवा प्राप्त कर सकते हैं। स्थानों के लिए, nyccare.nyc पर जाएँ।

क्या मेरी निजता सुरक्षित रहेगी?

NYC Health + Hospitals में स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर आपकी निजी स्वास्थ्य जानकारी और आपकी अप्रवासन स्थिति को गोपनीय रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बिना किसी डर के देखभाल प्राप्त करें। NYC Care में नामांकन करें।

मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता हूँ या NYC Care में नामांकन कर सकता हूँ?

1-646-NYC-CARE (1-646-692-2273) पर कॉल करें। अधिक जानने के लिए आप **nyccare.nyc** पर भी जा सकते हैं। हम आपकी भाषा बोलते हैं!

अधिक जानने और नामांकन कराने के लिए, कॉल करें
1-646-NYC-CARE
1-646-692-2273
निजता और गोपनीयता की गारंटी दी जाती है। NYC Care में नामांकन करने पर 'पब्लिक चार्ज' नियम के तहत कोई जोखिम नहीं है।